संख्या. ए-20011/1(2)/2025-हिंदी — 17

भारत सरकार/ Government of India
गृह मंत्रालय / Ministry of Home Affairs
समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार
Directorate of Coordination Police Wireless

शिक्षित भारत विकसित भारत

खण्ड सं-9 के.स.का परिसर/Block No.9, C.G.O., Complex,
लोधी रोङ ,नई दिल्ली -3/Lodhi Road, New Delhi-3
दिनांक/Date:- 14 नवम्बर 2025

# परिपत्र

**विषय: मासिक "साहित्यिक चर्चा" कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में।**

कार्यालय में हिंदी एवं भारतीय साहित्य के प्रति रुचि विकसित करने हेतु कर्मचारियों एवं अधिकारियों के मध्य प्रतिमाह "साहित्यिक चर्चा" आयोजित करने का निर्णय लिया गया है ।

2. इस कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों एवं अधिकारियों में सृजनात्मकता, टीम भावना, भाषा के प्रति अनुराग तथा साहित्यिक अभिरुचि को प्रोत्साहित करना है। साथ ही, यह गतिविधि राजभाषा नीति के उद्देश्यों की पूर्ति में भी सहायक होगी। **प्रथम मासिक "साहित्यिक चर्चा" का आयोजन दिनांक 03 दिसंबर 2025 (बुधवार) को किया जाएगा।**

**स्थान: सम्मेलन कक्ष, समन्वय निदेशालय पुलिस बेतार**
**समय: दोपहर 3:00 बजे से 4:00 बजे तक (लगभग)**
**पहली चर्चा का विषय होगा — "बड़े भाई साहब" (लेखक: मुंशी प्रेमचंद)**

3. कार्यक्रम के आरंभ में श्री अंकित अड़जरिया, सहायक निदेशक कहानी का संक्षिप्त परिचय एवं लेखक के जीवन एवं साहित्यिक योगदान पर प्रकाश डालेंगे। तत्पश्चात सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने विचार प्रस्तुत करेंगे और खुली चर्चा में भाग लेंगे।

4. निदेशालय के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध है कि वे उक्त कार्यक्रम में समय पर उपस्थित होकर सक्रिय सहभागिता करें, जिससे यह पहल सफल एवं सार्थक बन सके।

5. यह सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन से जारी किया जा रहा है |

अभिषेक यादव
14/11/2025

(अभिषेक यादव)
सहायक निदेशक (राजभाषा)

**प्रतिलिपि:-**

1. निदेशक महोदय के निजी सचिव: कृपया सादर सूचनार्थ।
2. अपर निदेशक (मुख्यालय/संचालन) महोदय के निजी सचिव: कृपया सादर सूचनार्थ।
3. निदेशालय के सभी संयुक्त निदेशक/ उप निदेशक ।
4. सभी अनुभाग अधिकारी/लेखा अधिकारी, स.नि.पु.बे. ।
5. सूचना व प्रौधोगिकी अनुभाग (स. नि. पु. बे. की वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु) ।